# खंडवा के सैलानी में भूतों की अदालत

## जहां रूहें मांगती हैं पनाह, रोंगटे खड़े कर देने वाला खौफनाक मंजर



**नवभारत न्यूज।**

**खंडवा (अमित राठौर)।** विज्ञान और तकनीक के इस दौर में जहां दुनिया चांद पर घर बनाने की सोच रही है, वहीं मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में एक ऐसी हकीकत भी है जो रूह कंपा देती है। जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर सैलानी गांव में इन दिनों अदृश्य शक्तियों का मेला लगा है। होली से रंग पंचमी तक चलने वाले इस मेले को स्थानीय भाषा में भूतों का मेला कहा जाता है, जहां आस्था और अंधविश्वास के बीच की लकीर धुंधली पड़ जाती है।

### लोहे की जंजीरें और आत्माओं का तांडव

सैलानी बाबा की दरगाह के इर्द-गिर्द का नजारा किसी डरावनी फिल्म के सीन जैसा होता है। देश के कोने-कोने से लोग अपने परिजनों को जंजीरों में बांधकर यहां लाते हैं। मान्यता है कि दरगाह की लोहे की चारदीवारी को छूते ही शरीर के भीतर छिपी बुरी शक्तियां तांडव करने लगती हैं। लोग अजीबोगरीब हरकतें करते हैं, चिल्लाते हैं और बाबा की चौखट पर अपने गुनाह कुबूल करते हैं।

### सैलानी बाबा की अदृश्य सजा

- दरगाह के सेवादारों और श्रद्धालुओं का दावा है कि यहां बुरी आत्माओं की पेशी लगती है।
- न्याय का विधान: बाबा सैलानी की शक्ति उन रूहों को सजा सुनाती है, जिसके बाद वे शरीर छोड़ने पर मजबूर हो जाती हैं।
- अनोखी सजा: यह सजा शारीरिक नहीं बल्कि रूहानी होती है, जिसे केवल वह 'शक्ति' ही महसूस कर पाती है।
- बलि की परंपरा: मन्नत पूरी होने या निजात पाने के लिए यहां मुर्गे और बकरे की बलि देने की भी प्राचीन परंपरा है।

### 87 सालों से जारी है अटूट आस्था :

महाराष्ट्र के बुलढाणा के फकीर मकदूम शाह सैलानी की याद में यह दरगाह करीब 87 साल पुरानी है। 1939 में स्थापित इस स्थान की सबसे बड़ी विशेषता सांप्रदायिक सौहार्द है।



हिंदू कैलेंडर के अनुसार आयोजित होने वाले इस मेले में हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के लोग समान आस्था के साथ पहुंचते हैं। हालांकि विज्ञान इसे मानसिक बीमारी या 'हिस्टीरिया' का नाम देता है, लेकिन यहां आने वाले हजारों लोगों का अटूट विश्वास तर्क पर भारी पड़ता है। लोग दुखी मन से आते हैं और सुकून के साथ वापस लौटते हैं।



## इंदिरा सागर पॉवर स्टेशन में मैराथन और जुंबा से मनाया महिला दिवस

**नर्मदानगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदिरा सागर पावर स्टेशन में महिला शक्ति और फिटनेस का अनूठा संगम देखने को मिला। परियोजना प्रमुख अजीत कुमार ने सुबह 5 बजे हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया, जिसमें परियोजना कार्मिकों, उनके परिजनों और विद्यार्थियों सहित करीब 180 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह मैराथन क्रिकेट ग्राउंड से शुरू होकर थानेश्वर मंदिर और पुनासा रोड स्थित विभिन्न पॉइंट्स से होते हुए वापस संपन्न हुई। आयोजन में 21 किलोमीटर की मुख्य दौड़ के साथ-साथ 5 किलोमीटर की हाफ मैराथन भी शामिल थी।

इस आयोजन में 70 वर्षीय बलजीत कौर रहीं, जिन्होंने निर्धारित समय में 5 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर मिसाल पेश की। दौड़ के पश्चात प्रतिभागियों ने सामूहिक जुंबा सत्र का भी आनंद लिया। परियोजना प्रमुख ने विशेष रूप से एनएचडीसी महिला फिटनेस ग्रुप की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक गोपाल खंडेलवाल और सीआईएसएफ सहायक कमांडेंट संजीव कुमार ने प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए।

### एक नजर में

## मोतियाबिंद की नि:शुल्क जांच शिविर आज

**खंडवा।** मोतियाबिंद रोग की जांच एवं निशुल्क नेत्र जांच शिविर जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि चोइथराम फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 9 मार्च को हरसूद और किल्लौद में शिविर आयोजित होगा। डॉ जुगतावत ने मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों से शिविरों में पहुंचकर निशुल्क जांच कराने की अपील की है।

## निराहार संत दादा गुरु की परिक्रमा पहुंची मूंदी नगर में किया ऐतिहासिक स्वागत



**मूंदी।** पलसूद के रास्ते मूंदी पहुंची इस यात्रा के स्वागत में पूरा नगर भक्तिमय नजर आया, जहां श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाई और पुष्प वर्षा कर परिक्रमा वासियों का अभिनंदन किया। परिक्रमा की अगुवाई कर रहे प्रीतम पटेल ने अपने सिर पर नर्मदा कलश धारण किया, वहीं नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला राठौर, सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर और विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने ढोल-धमाकों के साथ संत की अगवानी की।

यात्रा का रात्रि विश्राम मांधाता विधायक नारायण पटेल के निवास पर हुआ, जहां आयोजित धर्मसभा में दादा गुरु ने नर्मदा के महत्व, वृक्षारोपण और गौ-वंश की रक्षा पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में एक बार पैदल परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर आयोजित भव्य भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक किशन भगत ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सेवादास पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विधायक नारायण पटेल ने स्वयं ग्राम भैंसावा पहुंचकर दादा गुरु का आशीर्वाद लिया और यात्रा के साथ मूंदी तक पैदल सफर किया।

## नेशनल लोक अदालत लगेगी 14 मार्च को

**खण्डवा।** प्रकरणों के निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2026 की पहली लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होगी। इसके बाद अगली नेशनल लोक अदालतें 9 मई, 12 सितम्बर तथा 12 दिसम्बर 2026 को आयोजित होंगी।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालतों में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण अर्थात मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्तिकर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा मामले जो सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित है, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाता है।

## पंधाना में 10 को, छनेरा में 11 और 14 से खंडवा शहर के वार्डों में लगेंगे शिविर

**खण्डवा।** संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में मूंदी में 9 मार्च को शिविर आयोजित होगा। पंधाना में 10 मार्च को, छनेरा में 11 मार्च को, ओंकारेश्वर में 12 मार्च को, पुनासा में 13 मार्च को शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 14 मार्च से खंडवा शहर के अलग-अलग वार्डों में लगेंगे शिविर लगाये जायेगें। खण्डवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 1 से 5 के लिए नगर निगम के जोन क्रमांक 1 स्थित कार्यालय में 14 मार्च को शिविर आयोजित होगा। वार्ड क्रमांक 6 से 9 के नागरिकों के लिए 14 मार्च को ही माता चौक चौराहे पर शिविर आयोजित होगा। वार्ड क्रमांक 10 से 15 के नागरिकों के लिए 15 मार्च को भगतसिंह चौराहे पर शिविर आयोजित किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 16 से 24 के नागरिकों की सुविधा के लिए भी 15 मार्च को ही नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 25 से 28 के नागरिकों के लिए 16 मार्च को गौशाला चौराहे पर, वार्ड क्रमांक 29 से 32 के नागरिकों के लिए 14 मार्च को नगर निगम के झीलोद्यान स्थित जोन क्रमांक 4 कार्यालय में शिविर आयोजित होगा। वार्ड क्रमांक 33, 35 और 36 के नागरिकों के लिए 14 मार्च को लाल चौकी स्थित मांगलिक भवन में, वार्ड क्रमांक 39 से 45 के नागरिकों के लिए 15 मार्च को बडा बम चौराहे ग्राउंड पर, वार्ड क्रमांक 34, 37, 38 व 46 के नागरिकों के लिए 16 मार्च को सिंधी धर्मशाला में शिविर आयोजित होंगे।

## बस स्टैंड पर युवाओं का उत्साह रंग गुलाल पर भारी

**मंडलेश्वर, निप्र।** रंगों का त्यौहार रंगपंचमी रविवार के आराम कों छोड़ बस स्टैंड पर ज़ब मनाया गया तो सारा बस स्टैंड रंगो की बारिस से सरोबार हो गया। युवाओं-बच्चों का उत्साह ढोल ताशों पर भारी पड़ा।

जानकारी अनुसार नगर में प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा रंग पंचमी पर स्थाई गेर का आयोजन किया जाता हैं जिसमे परिषद का पुरा अमला अपने लाव लश्कर के साथ बस स्टैंड पर मोर्चा संभालता है।कसरावद फाटे से थाने के सामने तक फैले चौड़े राजमार्ग कों डायवर्ट कर रंग पंचमी मनाई जाती है। रविवार 11 बजे से आयोजित गेर मे सारा नगर रंग पंचमी मनाने पहुंचता है इस बार भी नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय रावल अपने पार्षद और नगर के गणमान्य लोगो के साथ बस स्टैंड पहुँचे और सभी लोगो कों रंग गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुई गेर ने जो शतरंगी रंग गुलाल की बारिश की तो बस स्टैंड रंगों से भीग गया सब एक ही रंग मे नजर आए। नगर परिषद द्वारा फायर फाइटर और पानी के टेंकरों से झूमते नाचते लोगो पर रंगों की बारिश की। रंग गुलाल की बारिश करने वाली तोप और फूलो की बारिश करने वाली तोप ने भी तीन घंटे तक फुल और गुलाल बरसाया।

**पुलिस विभाग भी हुआ शामिल :-**

नगर परिषद की गेर मे पुलिस प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही थाना प्रभारी पंकज तिवारी मय बल के शामिल हुए इस बीच ट्रैफिक कों भी डायवर्ट किया गया। गणेश पाटीदार मामा जगदीश केवट गणेश प्रजापत प्रवर जैन रत्नदीप मोयदे सहित गणमान्य लोगो ने रंगोंत्सव का आनंद लिया। दो बजे बाद गेर समाप्त होते ही नगर परिषद के सफाई आमले ने बस स्टैंड की सफाई की।



## महेश्वर में रंगपंचमी के अवसर पर रंगीन गेर निकाली



**महेश्वर, निप्र।** रविवार को नगर परिषद द्वारा रंग पंचमी के रंगीन अवसर पर गेर निकाली गई। सुबह 10 बजे श्री रणजीत हनुमान मंदिर चौक से प्रारंभ हुई गैर 12 :00 बजे स्तंभ चौराहे पर संपन्न हुई। इस दौरान नगर के कई युवाओं ने रंग गुलाल खेलते हुए खुशियां मनाई।

गेर के प्रारंभ में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, सीएमओ प्रियंका पांड्या ने श्री रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में भगवान हनुमान जी को रंग अर्पित किया तत्पश्चात बड़े बुजुर्गों को रंग लगाते हुए शुभकामनाएं दी इस अवसर पर नगर के कई युवा उत्साह पूर्वक गैर में शामिल हुए ।नगर परिषद के फायर फाइटर से होली खेलने वाले युवाओं पर रंगों की बौछार की गई ।नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने सभी नगर वासियों को रंग उत्सव की बधाइयां दी ।इस अवसर पर पार्षद शैलेंद्र जैन ,भाजपा कार्यकर्ता राज यादव ,विक्रम पार्षद ,स्वप्निल गुप्ता के साथ अन्य कई कार्यकर्ता व नगर वासी उपस्थित थे।

## सप्तमी पर पारधी समाज करेगा कुलदेवी का पूजन

**कसरावद, निप्र।** अखिल भारतीय शिकारी पारधी समाज द्वारा सप्तमी के अवसर पर तारापुर (मांडव) स्थित प्राचीन कुलदेवी मंदिर में होने वाले वार्षिक पूजन को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज की ओर से विभिन्न स्थानों पर सामाजिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

कसरावद में हुई बैठक में अखिल भारतीय शिकारी पारधी समाज के संभागीय अध्यक्ष व सप्तचंडी देवी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेशचंद्र पंवार ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को सप्तमी के अवसर पर मांडव के तारापुर स्थित प्राचीन देवी धाम मंदिर में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी समाजजन देवी पूजन व दर्शन के लिए पहुंचेंगे। पंवार ने बताया कि अब तक कसरावद सहित खरगोन, बड़वानी और धार इंदौर देवास उज्जैन खंडवा सहित अन्य प्रदेशों के व जिलों में बैठकों का आयोजन हो चुका है। उन्होंने बताया कि अनादिकाल से समाज में होलिका



दहन के सात दिन बाद सप्तमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना की परंपरा रही है। छठ की रात्रि से ही समाजजन मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो जाएंगे। इस दौरान भजन-कीर्तन, हवन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। सप्तमी के सुबह 8 बजे हवन किया जाएगा, वहीं दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक भंडारा रखा गया है। इस अवसर पर समाज की विशेष बैठक भी होगी, जिसमें शिक्षा, सामूहिक विवाह सम्मेलन, मंदिर परिसर में नवनिर्माण कार्यों तथा समाज की बेहतरी को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। मंदिर में विभिन्न निर्माण भी समाजजन के सहयोग से जारी हैं।

## नपा परिसर मे भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया



**बड़वाह, निप्र।** रंग पंचमी के एक दिन पूर्व संस्था नवसृजन एवं राकेश गुप्ता मित्र मंडल द्वारा शनिवार शाम को नगर पालिका परिसर मे भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सुविख्यात कलाकारों ने होली के गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वृंदावन से आए कलाकारों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण किया। उन्होंने नृत्य प्रस्तुत कर भक्तों को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया। भक्तों ने श्री कृष्ण और राधा की भक्ति में फूलों और गुलाल से होली खेली।' महिलाओं ने भी कलाकारों के साथ होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में सभी को गुलाल लगाया गया। इस अवसर पर श्रीश्री 1008 महंत बालकदास जी महाराज,महंत हनुमान दास जी महाराज सहित साधु संत भी शामिल हुए। शाम 8 :30 बजे शुरू हुआ कार्यकम देर शाम तक चला। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला भी शामिल हुए। वृंदावन से कालकारो ने फागुन के गीत 'आयो रे रसिया' गाकर उत्सव का आनंद उठाया। इस दौरान गोपियों ने लठ उठाकर ग्वालों पर लाठियां बरसाना प्रारंभ किया। मौजूद भक्तों पर फूल और रंग बरसाए गए. वहीं प्राकृतिक रंगों से एक-दूसरे के गालों पर रंग लगाकर होली मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, महामंत्री महेंद्र अमई, अनिल राय, सुरेन्द्र भाटिया, हरभजन सिँह भाटिया, पार्षद रजनी भंडारी, अधीश सोनी, सुरेश वाघे, सीएमओ कुलदीप किशुंक सहित पार्षद, नपा कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## बड़वाह में निकली रंगारंग गेर

**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह में रंगपंचमी पर रविवार को पूरा नगर रंगीन हो उठा। मिसाइल से निकलते गुलाल के गुबारों से आसमान लाल,नीला, पीला तो कभी गुलाबी नजर आ रहा था।

युवाओं का हुजूम ढोल-ताशों व डीजे की धुनों पर मदमस्त होकर थिरक रहा था। कोई गुलाल तो कोई एक-दूसरे पर पानी की बौछार कर रहा था। बच्चों व युवाओं की यह रंगों भरी मस्ती पूरे दिन चली। नवसृजन संस्था व राकेश गुप्ता मित्रमंडल द्वारा राधाकृष्ण फाग यात्रा का आयोजन किया गया था। सुबह 11 बजे नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता,पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल राय,भाजपा पूर्व जिला महामंत्री महिल ठाकुर, सुरेन्द्र पंड्या,पार्षद रूपसिंग रावत,विजय सोनी,विजय महाजन सहित पार्षदों ने नागेश्वर मंदिर में गणेश जी भगवान शिव एवं हनुमान जी का पूजन अर्चन कर यात्रा की शुरुआत की। बग्गी में महंत हनुमान दास जी महाराज बैठे हुए थे। नागेश्वर मंदिर परिसर से फाग यात्रा शुरू हुई। स्वचलित मिसाइलों ने गेर में जमकर गुलाल उड़ाया। झंडा चौक, गोल बिल्डिंग, एमजी रोड, मुख्य चौराहा, जय स्तंभ होते हुए नगर पालिका परिसर में यात्रा समाप्त होगी। इस दौरान एसडीएम सत्यनारायण दर्रे, एसडीओपी अर्चना रावत, तहसीलदार शिवराम कनासे, थाना



प्रभारी बलराम राठौड़ सहित पुलिसकर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। बड़ी संख्या मे पुलिसकर्मियों ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी।इस दौरान नगर मण्डल महामंत्री महेंद्र अमई,रोमेश विजयवर्गीय,निखिलेश खंडेलवाल,ऐश्ववर्य उमड़ेकर, अधिश सोनी,मिक्की चौहान, रवि ऐरन, सुरेश वाघे,अनिल कानूनगो,जिम्मी तोमर,महेंद्र अमई,निखिलेश खंडेलवाल,रवि एरन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## सनावद नगर की समाजसेवी अंजली विजय शर्मा सम्मानित



**सनावद, निप्र।** विप्र नारी सेवा संस्था इंदौर द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर की सक्रिय समाजसेवी अंजली विजय शर्मा को सम्मानित किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमिला शर्मा ने अंजली शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया । महिला दिवस पर 51 महिलाओं का सम्मान किया गया।

### एक नजर में

### रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक में लिए गए निर्णय

## विधायक राजकुमार मेव की पहल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होगी आईसीयू और खून चढ़ाने की व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर में विधायक राजकुमार मेव की सार्थक पहल से जल्द ही आईसीयू तथा मरीज को खून चढ़ाने की व्यवस्था का इंतजाम किया जाएगा। रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक मैं उक्त निर्णय किए गए ।

बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण एवं जरूरी विषय पर चर्चा हुई। बैठक में चिकित्सकों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए की हर जरूरतमंद मरीज को यहीं पर इलाज उपलब्ध कराया जाए एवं कम से कम मरीजों को रेफर किया जाए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. गौर को भी कड़े निर्देश दिए गए कि विकासखंड महेश्वर में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए एवं अस्पतालों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। विकासखंड का कोई भी मरीज परेशान ना हो। विधायक द्वारा अस्पताल में समस्त प्रकार के चिकित्सक जैसे कि एमडी मेडिसिन,जनरल सर्जन, महिला रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथैरेपी आदि की नियुक्ति भी कराई ताकि क्षेत्र की जनता बेहतर स्वास्थ्य का लाभ ले सके उक्त बैठक में महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल जी डॉ देवेंद्र पाटीदार जी नितिन पाटीदार जी शम्मी अमगा जी समाजसेवी एवं अन्य वरिष्टगन एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

